# <u>भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण</u>

(सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय)

भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) **सिविल इंजीनियरिंग** विषय में **जीएटीई (गेट) 2026 स्कोर** के माध्यम से **सीधी भर्ती** के लिए 7वें केंद्रीय वेतन आयोग के वेतन मैट्रिक्स लेवल 10 (रू.56100-177500) में केंद्रीय महंगाई भत्ते (सीडीए) के साथ **उप प्रबंधक (तकनीकी)** के **60 पदों** के लिए आवेदन आमंत्रित करता है।

| क्र.सं. | पद | श्रेणी | | | | | कुल पद* | अभ्युक्तियाँ |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | सामान्य | अनुसूचित जाति | अनुसूचित जनजाति | अन्य पिछड़ा वर्ग (एनसीएल) केवल केंद्रीय सूची | आर्थिक रूप से पिछड़ा वर्ग | | |
| 1. | उप प्रबंधक (तकनीकी) | 26 | 09 | 04 | 16 | 05 | **60** | कुल 60 पदों में से 04 पद निम्नलिखित बेंचमार्क दिव्यांगता (पीडबल्यूबीडी) वाले व्यक्तियों के लिए आरक्षित हैं:-<br>(i) बधिर (डी) / श्रवण अक्षमता (एचएच) — 01 पद<br>(ii) विशेष अधिगम दिव्यांगता (एसएलडी) / मानसिक रोग (एमआई) # — 02 पद<br>(iii) उप प्रबंधक (तकनीकी) के पद के लिए निर्धारित दिव्यांगता श्रेणी से एक से अधिक बेंचमार्क दिव्यांगता वाली बहु - दिव्यांगता (एमडी), जैसा कि महत्वपूर्ण शर्तों के अंतर्गत वर्णित है। $ — 01 पद<br><br>**# - 01 वर्तमान रिक्ति और 01 बैकलॉग रिक्ति सहित**<br>**$ - यह 01 रिक्ति बैकलॉग रिक्ति है।** |

*** टिप्पणी: विज्ञापित पदों की संख्या प्राधिकरण की आवश्यकतानुसार बढ़ाई या घटाई जा सकती है।**

2. <u>पात्रता शर्तों का विवरण</u>

| क्र.सं. | पद का नाम | आयु सीमा | शैक्षिक योग्यताएं और आवश्यक अनुभव | भर्ती मानदंड |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) |
| 1. | **उप प्रबंधक (तकनीकी)** | अधिकतम 30 वर्ष* | **अनिवार्य शैक्षिक योग्यता:**<br><br>किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय या संस्थान से सिविल इंजीनियरिंग में स्नातक की उपाधि।<br><br>**<u>टिप्पणी</u>**: जिन अभ्यर्थियों का उपर्युक्त उपाधि उत्तीर्ण करने का परिणाम ऑनलाइन आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि अर्थात <u>15.06.2026</u> तक घोषित नहीं किया गया है, वे भी उपर्युक्त पद के लिए आवेदन कर सकते हैं। हालांकि, ऐसे अभ्यर्थियों को <u>31.08.2026</u> तक उपाधि / अनंतिम उपाधि प्रमाणपत्र भाराराप्रा को जमा करने के पश्चात ही भाराराप्रा में जॉइन करने की अनुमति दी जाएगी। **इसलिए, हालांकि ऐसे अभ्यर्थियों को उनके जीएटीई (गेट) 2026 स्कोर के आधार पर सूचीबद्ध या चयनित किया जाएगा, किन्तु ऐसे अभ्यर्थियों को नियुक्ति प्रस्ताव केवल दिनांक 31.08.2026 तक उनका अनंतिम / अंतिम उपाधि प्रमाणपत्र प्राप्त होने के पश्चात ही जारी किया जाएगा, अन्यथा ऐसे अभ्यर्थियों की उम्मीदवारी** | **सीधी भर्ती द्वारा सिविल इंजीनियरिंग विषय में वैध ग्रेजुएट एप्टीट्यूड टेस्ट इन इंजीनियरिंग [जीएटीई (गेट)] स्कोर 2026 के आधार पर।** |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | | **बिना किसी नोटिस और सूचना के रद्द कर दी जाएगी और इस संबंध में किसी भी अनुरोध पर विचार नहीं किया जाएगा।** | |

* *भारत सरकार के निर्देशों के अनुसार विभिन्न वर्गों के लिए अधिकतम आयु सीमा में छूट लागू है।*

3. <u>आयु में छूट</u>

संबंधित आवेदकों के लिए आयु में निम्नानुसार छूट होगी:-

| क्र. सं. | व्यक्तियों की श्रेणी | आयु में छूट / रियायत की सीमा |
|---|---|---|
| (क) | अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति | 5 वर्ष |
| (ख) | अन्य पिछड़ा वर्ग | 3 वर्ष |
| (ग) | बेंचमार्क दिव्यांगता वाले व्यक्ति<br>(i) एससी / एसटी<br>(ii) अन्य पिछड़ा वर्ग<br>(iii) सामान्य | <br>क) 15 वर्ष<br>ख) 13 वर्ष<br>ग) 10 वर्ष |
| (घ) | भूतपूर्व सैनिक:<br>भूतपूर्व सैनिक और कमीशन प्राप्त अधिकारी जिनमें आपातकालीन कमीशन प्राप्त अधिकारी या शॉर्ट सर्विस कमीशन प्राप्त अधिकारी शामिल हैं, जिन्होंने कम से कम पाँच वर्ष की सैन्य सेवाएं दी हैं और सेवानिवृत्त हुए हैं -<br>i. प्रदत्त कार्य पूरा होने पर (उन व्यक्तियों को भी शामिल करें जिनका प्रदत्त कार्य एक वर्ष के भीतर पूरा होना है)<br>दुर्व्यवहार या अक्षमता के कारण सेवा से बर्खास्तगी या सेवा - मुक्ति के अलावा किसी अन्य तरीके; या<br>ii. सैन्य सेवा के कारण शारीरिक अक्षमता या अशक्तता के कारण। | 5 वर्ष |

**(i) सीधी भर्ती द्वारा भरे जाने वाले पदों के लिए पात्रता निर्धारित करने की निर्णायक तिथि, आवश्यक शैक्षिक योग्यता (ओं) के मामले में, जिनके लिए निर्णायक तिथि 31.08.2026 होगी, जैसा कि ऊपर पैरा 2 में संदर्भित है को छोड़कर ऑनलाइन आवेदन प्राप्त करने के लिए निर्धारित अंतिम तिथि होगी, जिसमें विस्तारित तिथि (यदि कोई हो) भी शामिल है।**

(ii) उपरिलिखित सभी छूट समवर्ती मिलेंगी, अर्थात यदि कोई व्यक्ति एक से ज्यादा छूट के लिए पात्र है, तो उसे सबसे अधिक स्वीकृत सीमा की केवल एक छूट दी जाएगी।

4. <u>महत्वपूर्ण तिथियाँ</u>

| समय सीमाएं | |
|---|---|
| ऑनलाइन आवेदन के पंजीकरण की प्रारंभिक तिथि | 15.05.2026 (प्रातः 10:00 बजे) |
| ऑनलाइन आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि | 15.06.2026 (सायं 06:00 बजे) |

5. <u>महत्वपूर्ण शर्तें</u>

(1) आवेदक निम्नलिखित सुनिश्चित करें:

(i) **न्यूनतम शैक्षिक योग्यताएं**: ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि* तक अभ्यर्थी के पास किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय / संस्थान से सिविल इंजीनियरिंग में स्नातक की उपाधि होनी चाहिए।

* **<u>टिप्पणी</u>**: जिन अभ्यर्थियों का उपर्युक्त उपाधि उत्तीर्ण करने का परिणाम ऑनलाइन आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि अर्थात <u>15.06.2026</u> तक घोषित नहीं किया गया है, वे भी उपर्युक्त पद के लिए आवेदन कर सकते हैं। हालांकि, ऐसे अभ्यर्थियों को <u>31.08.2026</u> तक उपाधि/अनंतिम उपाधि प्रमाणपत्र भाराराप्रा को जमा करने के पश्चात ही भाराराप्रा में जॉइन करने की अनुमति दी जाएगी। **इसलिए, हालांकि ऐसे अभ्यर्थियों को उनके जीएटीई (गेट) 2026 स्कोर के आधार पर सूचीबद्ध या चयनित किया जाएगा, किन्तु ऐसे अभ्यर्थियों को नियुक्ति प्रस्ताव केवल दिनांक 31.08.2026 तक उनका अनंतिम / अंतिम उपाधि प्रमाणपत्र प्राप्त होने के पश्चात ही जारी किया जाएगा, अन्यथा ऐसे अभ्यर्थियों की उम्मीदवारी बिना किसी नोटिस और सूचना के रद्द कर दी जाएगी और इस संबंध में किसी भी अनुरोध पर विचार नहीं किया जाएगा।**

(ii) **न्यूनतम अनिवार्य योग्यताएं**: सभी अभ्यर्थियों को पद की अनिवार्य योग्यताएं और विज्ञापन में नियत अन्य दूसरी शर्तें पूर्ण करनी होंगी। उन्हें सलाह दी जाती है कि वे पद के लिए आवेदन करने से पहले स्वयं पुष्टि करें कि वे पद के लिए उल्लिखित अनिवार्य योग्यताएं रखते है। पात्रता के बारे में सलाह मांगने वाली किसी भी पूछताछ पर विचार नहीं किया जाएगा।

(iii) **आयु:** विज्ञापन की अंतिम तिथि को अधिकतम **30 वर्ष** होनी चाहिए। सीधी भर्ती के आधार पर विज्ञापित पद के लिए विभिन्न समूहों / श्रेणियों के लिए अधिकतम आयु सीमा में छूट भारत सरकार के नियमानुसार दी जाएगी।

(iv) <u>आरक्षण प्राप्त करने के लिए पात्रता</u>:

क) किसी भी अभ्यर्थी को समुदाय आरक्षण का लाभ तभी प्रदान किया जाएगा, जब वह जिस जाति का है, वह जाति केंद्र सरकार द्वारा जारी की गई आरक्षित समुदायों की सूची में शामिल होगी।

ख) इस पद के लिए आवेदन करने वाले अन्य पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थियों को **वित्तीय वर्ष (एफवाई)**

**2026-2027 (दिनांक 01.04.2026 को या उसके बाद जारी) के दौरान जारी किया गया** ओबीसी (नॉन - क्रीमी लेयर) प्रमाणपत्र जमा करना होगा।

ग) इसके अलावा, अन्य पिछड़ा वर्ग प्रमाणपत्र में स्पष्ट उल्लेखित होना चाहिए कि अभ्यर्थी क्रीमी लेयर से संबंधित नहीं है, जैसा कि भारत सरकार ने केंद्रीय सरकार के अंतर्गत पदों और सेवाओं के लिए आवेदन करने हेतु नियत किया है।

घ) कोई अभ्यर्थी आर्थिक रूप से पिछड़े वर्ग (ईडबल्यूएस) के आरक्षण का लाभ पाने के लिए तभी पात्र होगा, जब वह केंद्र सरकार द्वारा जारी मानदंड को पूर्ण करता हो और उसके पास **वित्तीय वर्ष (एफवाई) 2025-2026** की आय के आधार **दिनांक 01.04.2026 को या उसके बाद** जारी किया गया अपेक्षित आय एवं परिसंपत्ति प्रमाणपत्र हो।

ङ) जो अभ्यर्थी एससी / एसटी / ओबीसी - एनसीएल / ईडबल्यूएस के रूप में आरक्षण प्राप्त करना चाहते हैं, उन्हें केवल निर्धारित प्रारूप में प्रमाणपत्र बनाना / जमा करना होगा। यह प्रमाणपत्र भारत सरकार के अंतर्गत पदों पर नियुक्ति हेतु अधिकृत प्राधिकारी द्वारा जारी किया जाए जिसमें अभ्यर्थी की जाति, उस अधिनयम / आदेश / निर्देशों इत्यादि का स्पष्ट उल्लेख होना चाहिए जिसके अंतर्गत जाति को एससी / एसटी / ओबीसी के रूप में मान्यता दी गई है। उन्हें यह भी सुनिश्चित करना होगा कि जाति / समुदाय प्रमाणपत्र में उनकी जाति / समुदाय का नाम और उसकी वर्तनी ठीक वैसी ही होनी चाहिए जैसी कि केंद्र सरकार द्वारा समय-समय पर अधिसूचित की गई सूची में वर्णित है (ओबीसी श्रेणी के लिए, भारत सरकार द्वारा केंद्रीय सूची में ओबीसी जातियों के रूप में मान्यता प्राप्त जातियों की सूची वेबसाइट www.ncbc.nic.in पर उपलब्ध है, एसटी श्रेणी के लिए प्रत्येक राज्य की जातियों की सूची वेबसाइट www.ncst.nic.in पर उपलब्ध है और एससी श्रेणी के लिए प्रत्येक राज्य की जातियों की सूची वेबसाइट https://socialjustice.gov.in/ पर उपलब्ध है)। जाति के नाम में किसी भी परिवर्तन वाला प्रमाणपत्र स्वीकार नहीं किया जाएगा।

च) एससी / एसटी / ओबीसी - एनसीएल / ईडबल्यूएस / पीडबल्यूबीडी के लिए उपलब्ध आरक्षण / छूट का लाभ लेने वाले अभ्यर्थियों को सुनिश्चित कर लेना चाहिए कि वे संबंधित नियमों / निर्देशों में उल्लेखित पात्रता के अनुसार ऐसे आरक्षण / छूट के हकदार हैं। उनके पास ऐसे लाभ के लिए संबंधित नियमों / निर्देशों में उल्लेखित अपने दावे के अनुरूप निर्धारित प्रारूप में सभी आवश्यक प्रमाणपत्र भी होने चाहिए।

छ) अभ्यर्थी द्वारा इस पद के लिए ऑनलाइन आवेदन के दौरान पहले से प्रस्तुत समुदाय की स्थिति में कोई परिवर्तन नहीं किया जाएगा।

ज) एससी / एसटी / ओबीसी - एनसीएल / ईडबल्यूएस / पीडबल्यूबीडी श्रेणी के अंतर्गत आरक्षण लाभ प्राप्ति हेतु अभ्यर्थी को जो प्रमाणपत्र जमा किए जाने हैं, उनके प्रारूप यहाँ संलग्न हैं।

बगैर वैध प्रमाणपत्र वाले आवेदन को तुरंत निरस्त कर दिया जाएगा। हालांकि, यदि अभ्यर्थी के पास राज्य / संघ राज्य सरकार द्वारा नियत भिन्न प्रारूप में जाति प्रमाणपत्र है, तो अभ्यर्थी संबंधित राज्य / संघ राज्य सरकार द्वारा जारी किया गया प्रमाणपत्र अपलोड कर सकता है। हालांकि, जब भी प्राधिकरण को आवश्यक हो, अभ्यर्थी को भाराराप्रा द्वारा नियत प्रारूप में जाति प्रमाणपत्र जमा करना होगा। अतः अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे नियत प्रारूप में जाति प्रमाणपत्र बनवाएं।

झ) **जो अभ्यर्थी इस विज्ञापन की आवश्यतानुसार वैध जाति / श्रेणी प्रमाणपत्र प्रस्तुत करने में असमर्थ होंगे, उन्हें आरक्षण के लिए स्वीकार नहीं किया जाएगा और ऐसे अभ्यर्थी, यदि अनारक्षित (यूआर) श्रेणी की सभी पात्रता शर्तें पूर्ण करते हैं, तो उनकी उम्मीदवारी केवल अनारक्षित (यूआर) रिक्तियों के लिए स्वीकार की जाएगी।**

ञ) उप प्रबंधक (तकनीकी) के पद के लिए केवल निम्नलिखित श्रेणी के पीडबल्यूबीडी अभ्यर्थियों को उपयुक्त माना गया है:-

| **बेंचमार्क दिव्यांगता की श्रेणी** | **शारीरिक आवश्यकताएं** |
|---|---|
| (i) बधिर (डी) / श्रवण अक्षमता (एचएच)<br><br>(ii) एक बाजू (ओए) / एक पैर (ओएल) / कुष्ठ रोग (एलसी) / बौनापन (डीडबल्यू) / एसिड अटैक पीड़ित (एएवी) / रीढ़ की हड्डी में विकृति (एसडी) और रीढ़ की हड्डी में चोट (एसआई) / बिना किसी संबंधित मस्तिष्क / बगैर अंग विकार<br><br>(iii) विशेष अभिगम दिव्यांगता (एसएलडी) / मानसिक रोगी (एमआई)<br><br>(iv) बहु - दिव्यांगता (एमडी) जिसमें उपरोक्त (i) से (iii) तक की एक से अधिक बेंचमार्क दिव्यांगता शामिल है। | बैठना, खड़ा होना, चलना, झुकना, कूदना, चढ़ना, उंगलियों से काम करना, पढ़ना और लिखना, देखना, वार्तालाप करना |

ट) बेंचमार्क दिव्यांगता वाले व्यक्तियों (पीडबल्यूबीडी) के अभ्यर्थियों के पास सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी नवीनतम दिव्यांगता प्रमाणपत्र होना चाहिए, जिससे यह प्रमाणित हो कि दिव्यांगता की डिग्री विनिर्दिष्ट दिव्यांगता के 40% से कम नहीं है। ऐसे प्रमाणपत्र का सत्यापन / पुनः सत्यापन प्राधिकारी द्वारा तय किया जा सकता है।

(v) **चयन प्रक्रिया: सिविल इंजीनियरिंग** विषय में **जीएटीई (गेट) 2026** स्कोर के आधार पर चयन किया जाएगा।

(क) **टिप्पणी**: निर्धारित आवश्यक योग्यताएं न्यूनतम हैं और केवल इन योग्यताओं का होना ही अभ्यर्थियों को नियुक्ति या साक्षात्कार के लिए विचार किए जाने का हकदार नहीं बनाता है।

(ख) आवेदनों की संख्या अधिक होने की स्थिति में, भाराराप्रा चयन समिति द्वारा तय की जाने वाली किसी भी विधि द्वारा, यदि बुलाया जाता है, तो बातचीत / साक्षात्कार के लिए उम्मीदवारों की संख्या को उचित संख्या तक सीमित करने के लिए संक्षिप्त सूचीकरण मानदंड अपनाएगा।

(ग) प्राधिकरण द्वारा की गई सीधी भर्ती के मामले में, योग्यता सूची में समान रैंक वाले अभ्यर्थियों की योग्यता का निर्धारण जन्म तिथि के आधार पर किया जाएगा; पहले जन्म लेने वाले व्यक्ति को योग्यता सूची में उच्च स्थान दिया जाएगा। यदि ऐसे अभ्यर्थियों की जन्म तिथि भी समान है, तो योग्यता का निर्धारण उनके नाम के पहले अक्षर के क्रम में किया जाएगा।

(vi) **सेवा बांड:-**

सभी चयनित अभ्यर्थियों को प्राधिकरण में पदभार ग्रहण करते समय, भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (भाराराप्रा) में कम से कम 3 वर्ष की सेवा के लिए **रू.5.00 लाख** का सेवा बांड निष्पादित करना होगा। यह सेवा बांड उनकी नियुक्ति तिथि से शुरू होगा। यदि वे बांड की अवधि समाप्त होने से पहले प्राधिकरण की सेवा से त्याग-पत्र देते हैं या **भाराराप्रा में शामिल होने के 3 वर्षों** के भीतर दुर्व्यवहार के कारण उनकी सेवा समाप्त कर दी जाती है, तो ऐसे उम्मीदवारों को भाराराप्रा को **रू.5.0 लाख** का भुगतान करना होगा।

यह स्पष्ट किया जाता है कि भाराराप्रा किसी अन्य सरकारी संगठन में कार्यरत चयनित अभ्यर्थियों के सेवा बांड के हस्तांतरण पर विचार नहीं करता है। अतः इस संबंध में किसी भी अनुरोध / प्रश्न पर विचार नहीं किया जाएगा।

(vii) **आवेदन कैसे करें**: आवेदक केवल **ऑनलाइन** आवेदन कर सकते हैं। **ऑनलाइन** आवेदन भरने की प्रक्रिया निम्नानुसार है: -

क) ऑनलाइन आवेदन करने के लिए आवेदक भाराराप्रा की वेबसाइट http://www.nhai.gov.in पर जा सकते हैं। इसे **गूगल क्रोम या मोज़िला फ़ायरफ़ॉक्स** पर खोला जा सकता है।

ख) 'हमारे बारे में' टैब → 'भर्ती' → 'रिक्तियां' → 'वर्तमान' → 'उप प्रबंधक (तकनीकी)' के विज्ञापन पर क्लिक करें → 'ऑनलाइन आवेदन' पर क्लिक करें। आवेदन पूरा करने के लिए स्क्रीन पर दिए गए निर्देशों का पालन करें।

ग) फॉर्म भरें और आवश्यक जानकारी प्रदान करें।

निम्नलिखित दस्तावेज़ अपलोड करना अनिवार्य है:-

- फोटोग्राफ - रंगीन पासपोर्ट आकार की फोटोग्राफ की स्कैन की गई प्रति, केवल '**जेपीजी / जेपीईजी**' या '**पीएनजी**' या '**जीआईएफ़**' फॉर्मेट में, जिसका आकार 1 एमबी से अधिक न हो।

- हस्ताक्षर - हस्ताक्षर की स्कैन की हुई प्रति, केवल '**जेपीजी / जेपीईजी**' या '**पीएनजी**' या '**जीआईएफ़**' फॉर्मेट में, जिसका आकार 1 एमबी से अधिक न हो।

- कक्षा X का प्रमाणपत्र जिसमें जन्मतिथि अंकित हो, केवल '**पीडीएफ़**' फॉर्मेट में, जिसका आकार 2 एमबी से अधिक न हो।

- अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति / अन्य पिछड़ा वर्ग - एनसीएल / ईडबल्यूएस / पीडबल्यूबीडी / पूर्व सैनिक होने के प्रमाण पत्र (संलग्न निर्धारित प्रारूप के अनुसार) केवल '**पीडीएफ**' प्रारूप में, जिसका आकार 2 एमबी से अधिक न हो।

- सिविल इंजीनियरिंग में उपाधि उत्तीर्ण होने का प्रमाण पत्र केवल **पीडीएफ** प्रारूप में, जिसका आकार 2 एमबी से अधिक न हो।

- जीएटीई स्कोर कार्ड 2026 केवल **पीडीएफ** प्रारूप में, जिसका आकार 2 एमबी से अधिक न हो।

घ) '**अगला**' बटन पर क्लिक करें।

ङ) आवेदन का **पूर्वावलोकन** देखा जा सकता है।

च) '**संपादित करें**' और अंतिम **सबमिट** बटन के विकल्प भी उपलब्ध हैं।

छ) यदि आवेदक दी गई जानकारी से संतुष्ट है, तो ऑनलाइन आवेदन पत्र जमा करने के लिए "**सबमिट**" बटन पर क्लिक करें। ऑनलाइन आवेदन पत्र **15.06.2026 (शाम 6:00 बजे)** तक जमा किया जा सकता है।

ज) आवेदन पत्र जमा करने के बाद, आवेदक द्वारा दर्ज किए गए विवरणों के साथ "**आवेदन पावती**" विषय वाला एक "**यूनिक संदर्भ संख्या**" स्वचालित रूप से जनरेट हो जाएगा।

झ) आवेदक द्वारा दिए गए ईमेल आईडी पर स्वतः जनरेट की गई "**आवेदन पावती**" भेजी जाएगी।

ञ) आवेदक को "आवेदन पावती" की एक प्रति सुरक्षित रखनी होगी, ताकि जन्म तिथि / शैक्षिक योग्यता / एससी / एसटी / ओबीसी - एनसीएल / ईडबल्यूएस प्रमाण पत्र (यदि लागू हो) / पीडबल्यूबीडी प्रमाणपत्र / अन्य सहायक दस्तावेज (जैसे अनुभव प्रमाणपत्र, नियोक्ता से एनओसी इत्यादि) से संबंधित प्रविष्टियों के संबंध में भाराराप्रा को प्रस्तुत / जमा करने के लिए आवश्यक दस्तावेज संलग्न किए जा सकें।

**महत्वपूर्ण**: अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे ऑनलाइन आवेदन में अपना सही और सक्रिय ईमेल पता भरें क्योंकि भाराराप्रा द्वारा सभी पत्राचार केवल ईमेल के माध्यम से ही किया जाएगा।

(2) आवेदकों को सलाह दी जाती है कि वे उपर्युक्त पात्रता मानदंडों और अनुभव के अनुसार ऑनलाइन आवेदन पत्र को ध्यानपूर्वक भरें। यह ध्यान दिया जाना चाहिए कि संपूर्ण चयन प्रक्रिया आवेदक द्वारा अपने आवेदन पत्र में दी गई जानकारी के आधार पर ही संपन्न की जाएगी और आवेदन पत्र में आवेदक द्वारा दी गई जानकारी में किसी भी प्रकार के परिवर्तन / संशोधन / बदलाव के अनुरोध को किसी भी परिस्थिति में स्वीकार नहीं किया जाएगा।

**टिप्पणी**: अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे अंतिम तिथि की प्रतीक्षा किए बिना, काफी पहले ही ऑनलाइन भर्ती आवेदन जमा कर दें।

(3) **इस पद पर अखिल भारतीय सेवा दायित्व लागू है। अतः केवल वे ही आवेदन करें जो भारत में कहीं भी सेवा करने के इच्छुक हों।**

(4) कृपया ध्यान दें कि यदि आवेदक द्वारा एक से अधिक आवेदन भरता है, तो भाराराप्रा केवल अंतिम आवेदन पर ही विचार करेगा और उसमें दी गई जानकारी को ही उक्त पद की भर्ती प्रक्रिया में ध्यान में रखा जाएगा। तदनुसार, आवेदक द्वारा पहले जमा किए गए आवेदन निरस्त कर दिए जाएंगे। चयन प्रक्रिया में किसी भी विवाद / अस्पष्टता की स्थिति में, भाराराप्रा का निर्णय अंतिम होगा। आवेदकों को सलाह दी जाती है कि आवेदन करने से पहले वे यह सुनिश्चित कर लें कि उनके पास विज्ञापन में निर्धारित आवश्यक योग्यताएं हैं।

(5) इस विज्ञापन के अंतर्गत विज्ञापित पद के लिए आवेदन करने वाले आवेदक बाद में अपनी उम्मीदवारी वापस नहीं ले सकेंगे।

(6) पात्रता निर्धारण की निर्णायक तिथि ऑनलाइन आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि, **आवश्यक शैक्षिक योग्यता (ओं) के मामले में, जिसके लिए निर्णायक तिथि 31.08.2026 होगी, जैसा कि ऊपर पैरा 2 में संदर्भित है को छोड़कर ऑनलाइन** आवेदन प्राप्त करने के लिए निर्धारित अंतिम तिथि होगी, जिसमें विस्तारित तिथि (यदि कोई हो) भी शामिल है।

(7) एससी / एसटी / ओबीसी - एनसीएल / ईडबल्यूएस / अल्पसंख्यक समुदाय / पूर्व सैनिक / महिला / बेंचमार्क दिव्यांगजनों को आवेदन करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है।

(8) बेंचमार्क दिव्यांगों (पीडब्ल्यूबीडी) से संबंधित पदों के लिए, भले ही पद उनके लिए आरक्षित न हो, परंतु उपयुक्त पाए जाने पर आवेदन कर सकते हैं। हालांकि, ऐसे आवेदकों का चयन ऐसे पदों के लिए मेरिट के सामान्य मानक के आधार पर किया जाएगा। केवल वे व्यक्ति जो संबंधित दिव्यांगता के 40% से अधिक पीड़ित हैं, आरक्षण और नियमों के अनुसार अनुमत अन्य छूटों के लिए पात्र होंगे। अतः दिव्यांगजन आरक्षण और नियमों के अनुसार अनुमत अन्य रियायतों और छूटों का लाभ तभी ले सकते हैं जब शारीरिक दिव्यांगता 40% या उससे अधिक हो और पद दिव्यांग अभ्यर्थियों के लिए उपयुक्त हों।

(9) किसी भी रूप में प्रचार या प्रभाव डलवाने से उम्मीदवारी रद्द हो जाएगी।

(10) किसी अन्य माध्यम से प्राप्त आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएंगे और उन्हें तुरंत अस्वीकार कर दिया जाएगा।

(11) यहां उल्लिखित किसी भी मामले से संबंधित कोई भी विवाद केवल दिल्ली न्यायालयों के क्षेत्राधिकार के अधीन होगा।

(12) विज्ञापित पदों की संख्या / श्रेणी / भर्ती विधि में वृद्धि / कमी / परिवर्तन हो सकता है, और परिस्थितियों के अनुसार भारराप्रा को कुछ या सभी विज्ञापित पदों को न भरने का अधिकार सुरक्षित है।

(13) चयन प्रक्रिया में किसी भी अनजानी त्रुटि की स्थिति में, जो नियुक्ति पत्र जारी करने के बाद किसी भी चरण में पता चलती है, भारराप्रा आवेदक को भेजे गए किसी भी पत्राचार को संशोधित / वापस लेने / रद्द करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

(14) आवेदन और स्व - प्रमाणित प्रतियां / प्रशंसापत्र जमा करते समय आवेदकों को कोई भी असत्य, छेड़छाड़ की गई या मनगढ़ंत जानकारी नहीं देनी चाहिए, और न ही कोई महत्वपूर्ण जानकारी छुपानी चाहिए।

(15) इस विज्ञापन में कोई भी संशोधन, परिशिष्ट या रद्द करने की सूचना केवल भारराप्रा की वेबसाइट पर प्रकाशित की जाएगी। अतः आवेदकों को भारराप्रा की वेबसाइट नियमित रूप से देखने की सलाह दी जाती है।

(16) **अभ्यर्थियों को ऑनलाइन आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि से पहले सिविल इंजीनियरिंग में स्नातक की उपाधि उत्तीर्ण होने का प्रमाणपत्र या अनंतिम उपाधि प्रमाणपत्र अपलोड करना अनिवार्य है। ऐसे मामलों में, सभी सेमेस्टर की अंकतालिका अपलोड करना ही पर्याप्त नहीं होगा। अभ्यर्थी को सिविल इंजीनियरिंग में स्नातक की उपाधि उत्तीर्ण होने का प्रमाणपत्र या अनंतिम उपाधि प्रमाणपत्र अनिवार्य रूप से अपलोड करना होगा; ऐसा न करने पर उपरोक्त पद के लिए उसकी उम्मीदवारी बिना किसी पूर्व सूचना के रद्द कर दी जाएगी।**

**<u>टिप्पणी</u>**: जिन अभ्यर्थियों का उपर्युक्त उपाधि उत्तीर्ण करने का परिणाम ऑनलाइन आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि अर्थात <u>15.06.2026</u> तक घोषित नहीं किया गया है, वे भी उपर्युक्त पद के लिए आवेदन कर सकते हैं। हालांकि, ऐसे अभ्यर्थियों को <u>31.08.2026</u> तक उपाधि / अनंतिम उपाधि प्रमाणपत्र भाराराप्रा को जमा करने के पश्चात ही भाराराप्रा में जॉइन करने की अनुमति दी जाएगी। **इसलिए, हालांकि ऐसे अभ्यर्थियों को उनके गेट 2026 स्कोर के आधार पर सूचीबद्ध या चयनित किया जाएगा, किन्तु ऐसे अभ्यर्थियों को नियुक्ति प्रस्ताव केवल दिनांक 31.08.2026 तक उनका अनंतिम / अंतिम उपाधि प्रमाणपत्र प्राप्त होने के पश्चात ही जारी किया जाएगा, अन्यथा ऐसे अभ्यर्थियों की उम्मीदवारी बगैर किसी नोटिस और सूचना के रद्द कर दी जाएगी और इस संबंध में किसी भी अनुरोध पर विचार नहीं किया जाएगा।**

(17) ऑनलाइन आवेदन पत्र भरते समय कोई भी तकनीकी समस्या आने पर, आवेदक भाराराप्रा की आईटी डेवलेपमेंट टीम से दूरभाष 011-25074100/25074200 एक्सटेंशन सं. 1028 / ईमेल: itdevelopment@nhai.org पर संपर्क कर सकता है।

*****